# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा / 9980
दिनांकः 04.12.2025

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / विभागाध्यक्ष / समन्वयक,**
**सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / परिसर,**
**चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

**महोदय / महोदया,**

कृपया कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के ई–मेल पत्र संख्याः ई–8322 / 32–जी0एस0–2025 दिनांक 26 नवम्बर 2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा शैक्षणिक सत्रों की नियमित परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा बिना किसी पुष्ट कारणों के नियमित परीक्षा छोडने के प्रकरण को गम्भीरता से लेने के अपेक्षा की गयी है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के समस्त छात्र / छात्राओं को प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की नियमित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित (Motivate) करें, ताकि अधिक से अधिक से अधिक परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हो सके।

**संलग्नकः– राजभवन का उपर्युक्त पत्र।**

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. सचिव, कुलपति, को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी (कम्प्यूटर सेल) को इस आशय के साथ प्रेषित की उपरोक्त पत्र के आलोक में वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025–26 की मुख्य परीक्षा समाप्ति के पश्चात जिन परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोडी गयी है उनकी कुल संख्या से राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

04/12/25

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**

राज्य०/339
29.11.25

ई–मेल द्वारा

G-987
27/11/25

**राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0**
लखनऊ–226027

संख्या:ई– 8322/32–जी0एस0/2025

दिनांक: 21 नवम्बर, 2025

F-1610

प्रेषक:

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय,

प्रायः यह संज्ञान में आ रहा है कि विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा शैक्षणिक सत्रों की नियमित परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा बिना किसी पुष्ट कारणों के नियमित परीक्षा छोड़ दी जाती है और वही परीक्षार्थी बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होते हैं जिससे निरंतर बैक पेपर परीक्षा में परिक्षार्थियों की संख्या में भी वृद्धि होती है और विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा बैक पेपर परीक्षा के आयोजन में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पडता है।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके विश्वविद्यालय/संस्थान में छात्र/छात्राओं को प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की नियमित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित (Motivate) करें, ताकि अधिक से अधिक परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हों।

इसके साथ ही वर्तमान शैक्षणिक सत्र की मुख्य परीक्षा में कितने परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोडी है? की संख्या से भी इस सचिवालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

C.O.E.

VICE-CHANCELLOR

D. R. (Exam.)
2.12.25

Controller of Exams
C.C.S. University, Meerut.